भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 480

24 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए

हरित इस्पात

480. श्री अबीर रंजन बिस्वास:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हरित इस्पात के उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु इस्पात कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन, अनुदान और राजसहायता प्रदान करने की योजना बना रही है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना, विशेषकर इस्पात संयंत्रों की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करने और हरित इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार हरित इस्पात के उत्पादन और विपणन से संबंधित संभावित लागत अंतर और बाजार की चुनौतियों से निपटने के लिए क्या उपाय कर रही है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क)और(ख): जी नहीं। हरित इस्पात की कोई निश्चित परिभाषा नहीं है। इसके अलावा, इस्पात कंपनियों को, विशेष तौर पर इस्पात संयंत्रो की ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने और हरित इस्पात के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु हरित इस्पात के उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कोई वित्तीय प्रोत्साहन, अनुदान और सब्सिडी नहीं दी जाती है।

(ग)और(घ): वर्तमान में, हरित इस्पात के उत्पादन और विपणन से संबंधित संभावित लागत अंतर और बाजार की चुनौतियों से निपटने के लिए न तो कोई अध्ययन किया गया है और न ही सरकार द्वारा कोई उपाय किया गया है।

****